प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / **Question Booklet Serial No. : 105-** 0664632

# ANNUAL EXAMINATION – 2025
# CLASS IX

विषय कोड :
**Subject Code : 105**

## संस्कृत ( SIL )
## SANSKRIT ( SIL )

कुल प्रश्न : 100 + 5 = 105

**Total Questions : 100 + 5 = 105**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)

[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

कुल मुद्रित पृष्ठ : 16

**Total Printed Pages : 16**

(पूर्णांक : 100)

[ Full Marks : 100 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।***
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

## खण्ड – अ
## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें ।** **50 × 1 = 50**

1. ऋषियों के विचार प्रकट करनेवाले ग्रंथ को क्या कहते हैं ?

   (A) स्तुति (B) उपनिषद्
   (C) वेद (D) भगवद्गीता

2. 'ईशस्तुतिः' पाठ किन दो ग्रंथों से संकलित है ?

   (A) रामायण + भगवद्गीता (B) रामायण + महाभारत
   (C) वेद + उपनिषद् (D) उपनिषद् + भगवद्गीता

3. कौन नहीं डरता है ?

   (A) पापी (B) मूर्ख
   (C) विद्वान् (D) ब्राह्मण

4. 'ईशस्तुतिः' पाठ में कुल कितने पद्य हैं ?

   (A) चार (B) सात
   (C) पाँच (D) दस

5. सभी प्राणियों का कल्याण चाहने वाले पुरुष कौन हैं ?

   (A) ज्ञानी (B) विद्वान्
   (C) सज्जन (D) दुर्जन

6. पंचतंत्र के लेखक कौन हैं ?

   (A) वेदव्यास (B) विष्णु शर्मा
   (C) बाणभट्ट (D) वाल्मीकि

7. ब्राह्मण-पुत्रों ने किस नदी में स्नान किया ?

   (A) यमुना (B) गंगा
   (C) क्षिप्रा (D) कावेरी

8. महाकाल मन्दिर किस राज्य में स्थित है ?

(A) हिमाचल प्रदेश (B) मध्य प्रदेश

(C) तमिलनाडु (D) उत्तर प्रदेश

9. 'वयमप्यतिसाहसिकाः ।' किसका कथन है ?

(A) लेखक का (B) भैरवानन्द का

(C) चक्रधर का (D) ब्राह्मण-पुत्रों का

10. 'यक्ष-युधिष्ठिरसम्वादः' पाठ महाभारत के किस पर्व से संकलित है ?

(A) सभा पर्व (B) शान्ति पर्व

(C) वन पर्व (D) आदि पर्व

11. संसार का हेतु किसे बताया गया है ?

(A) धर्म (B) क्रोध

(C) काम (D) लोभ

12. पण्डित कौन है ?

(A) तत्त्वज्ञ (B) अल्पज्ञ

(C) धर्मज्ञ (D) अज्ञ

13. सबसे प्राचीनतम वेद कौन-सा है ?

(A) सामवेद (B) ऋग्वेद

(C) अथर्ववेद (D) यजुर्वेद

14. मातृभूमि की स्तुति किस वेद में उपलब्ध है ?

(A) ऋग्वेद (B) यजुर्वेद

(C) सामवेद (D) अथर्ववेद

15. शुक्ल यजुर्वेद किस वेद का भाग है ?

(A) सामवेद (B) ऋग्वेद

(C) यजुर्वेद (D) अथर्ववेद

16. 'देवालयः' में किन-किन वर्णों की सन्धि हुई है ?

(A) अ + अ (B) अ + आ

(C) आ + आ (D) आ + अ

17. 'भवनम्' में कौन-सी सन्धि है ?

(A) दीर्घ सन्धि (B) अयादि सन्धि

(C) गुण सन्धि (D) वृद्धि सन्धि

18. 'नवरात्रम्' में कौन-सा समास है ?

(A) द्विगु (B) कर्मधारय

(C) द्वन्द्व (D) अव्ययीभाव

19. 'महान् च असौ राजा' का समस्त पद क्या होगा ?

(A) महाराजः (B) महरोजः

(C) महान् राजा (D) महराजः

20. तत्पुरुष समास का उदाहरण निम्न में कौन-सा है ?

(A) अधिहरि (B) विद्याहीनः

(C) लम्बोदरः (D) नवरत्नम्

21. 'वीणापाणिः' में कौन समास प्रयुक्त है ?

(A) बहुव्रीहिं (B) तत्पुरुष

(C) द्वन्द्व (D) द्विगु

22. 'धारेरुत्तमर्णः' सूत्र का उदाहरण वाक्य निम्नलिखित में कौन-सा है ?

(A) भक्ताय धारयति मोक्षं हरिः (B) श्रीगणेशाय नमः

(C) कृष्णाय रोचते भक्तिः (D) रमेशः मासेन व्याकरणम् अधीतम्

23. 'पुत्रेण सह आगतः पिता ।' वाक्य में 'पुत्रेण' पद में तृतीया विभक्ति किस सूत्र से हुई है ?

(A) सहयुक्तेऽप्रधाने (B) इत्थम्भूतलक्षणे

(C) येनाङ्गविकारः (D) साधकतमम् करणम्

24. 'दरिद्राय ................ देहि ।' वाक्य में रिक्त स्थान में कौन-सा पद होगा ?

(A) भोजनम् (B) भोजनस्य

(C) भोजनैः (D) भोजनात्

25. जिससे नियमपूर्वक विद्या पढ़ी जाए, उसमें कौन-सी विभक्ति होती है ?

(A) चतुर्थी (B) तृतीया

(C) पञ्चमी (D) सप्तमी

26. 'अपादान कारक' में कौन-सी विभक्ति होती है ?

(A) पञ्चमी (B) द्वितीया

(C) सप्तमी (D) तृतीया

27. 'उपरि' (ऊपर) के योग में कौन-सी विभक्ति होगी ?

(A) षष्ठी (B) सप्तमी

(C) चतुर्थी (D) प्रथमा

28. 'विचरति' में किस उपसर्ग का प्रयोग किया गया है ?

(A) विच् (B) वि

(C) विचर् (D) ति

29. 'अव' उपसर्ग से निर्मित शब्द कौन-सा है ?

(A) अयोग्यः (B) अवरोधः

(C) अवश्यम् (D) आरोपणम्

30. 'अस्' धातु के लट्लकार प्रथमपुरुष बहुवचन का रूप कौन है ?

(A) आसीत् (B) सन्ति

(C) अस्ति (D) भवति

31. 'ददामि' किस धातु का रूप है ?

(A) दा (B) दध्

(C) धा (D) दद्

32. कक्षा में शिक्षक किसका महत्व बतलाते हैं ?

(A) विद्या (B) संस्कृत

(C) धर्म (D) वेद

33. बीजगणित के ज्ञाता कौन हैं ?

(A) कणाद (B) पतञ्जलि

(C) आर्यभट्ट (D) पाणिनि

34. शब्दनिर्माण पद्धति किस भाषा में उपलब्ध है ?

(A) आङ्ग्लभाषा (B) संस्कृतभाषा

(C) ग्रीकभाषा (D) पालिभाषा

35. प्रत्येक लकार के कितने रूप होते हैं ?

(A) 5 (B) 9

(C) 18 (D) 12

36. किसने पम्पा सरोवर का वर्णन किया है ?

(A) कालिदास (B) माघ

(C) वाल्मीकि (D) भट्टि

37. 'नभः' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) नदी (B) पक्षी

(C) बादल (D) आकाश

38. संस्कृत काव्यों में किसका वर्णन आवश्यक है ?

(A) प्रकृति (B) नगर

(C) गाँव (D) पशु

39. पशुओं की स्वाभाविक स्थिति का वर्णन किस कवि के द्वारा किया गया है ?

(A) बाणभट्ट (B) वाल्मीकि

(C) कालिदास (D) माघ

40. 'दस पुत्र एक वृक्ष समान' किस पुराण में उल्लिखित है ?

(A) विष्णुपुराण (B) मत्स्यपुराण

(C) भागवतपुराण (D) गरूड़पुराण

41. 'अहो, न युज्यते एवं कर्तुम् ।' किसने कहा ?

(A) प्रथम युवक (B) द्वितीय युवक

(C) तृतीय युवक (D) चतुर्थ युवक

42. 'सन्ति' किस धातु का रूप है ?

(A) अस् (B) तत्

(C) भू (D) सत्

43. 'लतायाम्' में कौन-सी विभक्ति है ?

(A) प्रथमा (B) पञ्चमी

(C) चतुर्थी (D) सप्तमी

44. 'गृहस्य' किस विभक्ति का रूप है ?

(A) पञ्चमी (B) षष्ठी

(C) तृतीया (D) द्वितीया

45. 'अस्मद्' शब्द का सप्तमी विभक्ति एकवचन में रूप क्या होगा ?

(A) अस्मान् (B) मयि

(C) मत् (D) मम

46. 'तासु' किस सर्वनाम शब्द का रूप है ?

(A) तत् (स्त्री०) (B) एतत्

(C) सा (D) इदम्

47. 'पठ् + अनीयर्' से कौन-सा रूप बनेगा ?

(A) पठनीयम् (B) पठितः

(C) पठितव्यम् (D) पठितवान्

48. 'नी + तुमुन्' से कौन-सा रूप बनेगा ?

(A) नयतुम् (B) नीतुम्

(C) नेतुम् (D) नियतुम्

49. 'सरल + टाप्' से कौन-सा पद बनेगा ?

(A) सरलटाप् (B) सरला

(C) सरलता (D) सरलतमा

50. 'कुमारी' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त है ?

(A) ङीप् (B) ङीन्

(C) ङीष् (D) ति

51. संस्कृत वर्णमाला में कुल कितने दीर्घ स्वर हैं ?

(A) 5 (B) 8

(C) 6 (D) 4

52. 'आदेशसूचक' लकार निम्न में कौन-सा है ?

(A) लट् लकार (B) लृट् लकार

(C) लोट् लकार (D) लङ् लकार

53. 'उ + अ' के मेल से कौन-सा वर्ण बनेगा ?

(A) व (B) ओ

(C) अव (D) य

54. 'द्विगुः' समास का उदाहरण निम्न में से कौन-सा है ?

(A) पञ्चतन्त्रम् (B) सेनापतिः

(C) अहर्निशम् (D) यथाशक्ति

55. 'गङ्गायाः समीपम्' का समस्त पद क्या होगा ?

(A) उपगङ्गम् (B) गङ्गातटम्

(C) गङ्गसमीपम् (D) गङ्गातीरम्

56. 'सहार्थक' अव्ययों के योग में कौन-सी विभक्ति होती है ?

(A) षष्ठी (B) चतुर्थी

(C) तृतीया (D) द्वितीया

57. 'स्वागतम्' में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) सम् (B) सु

(C) निस् (D) दुस्

58. 'क्त्वा' प्रत्यय से बने शब्द क्या होते हैं ?

(A) संज्ञा (B) विशेषण

(C) अव्यय (D) क्रिया

59. 'वनिता' शब्द का रूप किस शब्द के समान चलेगा ?

(A) बालक (B) लता

(C) देव (D) मुनि

60. सुबन्त प्रत्ययों की संख्या कितनी है ?

(A) 18 (B) 21

(C) 9 (D) 5

61. 'पञ्चतन्त्र' कैसा नीतिग्रंथ है ?

(A) पद्यात्मक (B) कथात्मक

(C) निबन्धात्मक (D) संवादात्मक

62. विपरीत परिस्थिति में धैर्य किसका गुण है ?

(A) मध्यम व्यक्ति (B) निम्न व्यक्ति

(C) उत्तम व्यक्ति (D) श्रेष्ठ व्यक्ति

63. 'नीतिशतक' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) कालिदास (B) नारायणपण्डित

(C) भर्तृहरि (D) विष्णुशर्मा

64. बाधा के डर से कौन कार्य का आरंभ नहीं करता है ?

(A) उत्तम व्यक्ति (B) अधम व्यक्ति

(C) विद्वान् (D) मध्यम व्यक्ति

65. भोजपुर अंचल का प्रसिद्ध लोकनृत्य कौन-सा है ?

(A) नेटुआ (B) जट जटिन

(C) झिझिया (D) कमला पूजा

66. कौन नृत्य माधुर्य भाव का सूचक है ?

(A) ताण्डव (B) लास्य

(C) रास (D) सम्भा

67. जटजटिन किस क्षेत्र का लोकनृत्य है ?

(A) मगध (B) मिथिला

(C) भोजपुर (D) अंग प्रदेश

68. संस्कार अवसरों पर स्त्रियाँ घर एवं बाहर में क्या बनाती हैं ?

(A) भोजन (B) मूर्तियाँ

(C) अल्पना (D) टोकरियाँ

69. 'रोजा' में व्रती पूरे दिन क्या करते हैं ?

(A) विश्राम (B) भोजन

(C) उपवास (D) ध्यान

70. 'ईद' के अवसर पर दिये जानेवाले दान को क्या कहते हैं ?

(A) जकात (B) फितरा

(C) (A) और (B) दोनों (D) नमाज

71. रमजान के महीने में किसे देखकर 'रोजा' रखा जाता है ?

(A) सूर्य (B) वृक्ष

(C) चन्द्र (D) माता

72. गाँव के लोग नगर की ओर पलायन किसलिए करते हैं ?

(A) धर्मार्थ (B) संन्यास

(C) धनार्जन (D) तपस्या

73. मनुष्य की कितनी मूलभूत आवश्यकताएँ हैं ?

(A) 4 (B) 5

(C) 3 (D) 2

74. 'ईद' में किस पकवान की प्रधानता होती है ?

(A) खीर (B) बुन्दिया

(C) सेवई (D) जलेबी

75. प्रकृति ने किसकी रचना की ?

(A) नगर (B) परदेश

(C) गाँव (D) भवन

76. 'गिरि + ईशः' की संधि क्या होगी ?

(A) गिरिशः (B) गीरिशः

(C) गिरीशः (D) गीरीशः

77. 'नीरोगः' में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) निर् (B) नि

(C) निस् (D) वि

78. 'गायति' किस धातु का रूप है ?

(A) गाय् (B) गम्

(C) गै (D) गा

79. 'नंस्यति' में कौन-सी धातु है ?

(A) नश् (B) नृत्

(C) नम् (D) नंस्

80. 'युवतिः' में कौन-सा स्त्री प्रत्यय है ?

(A) ङीष् (B) ति

(C) ङीप् (D) ङीन्

81. 'पठ् + घञ्' से निर्मित पद है

(A) पाठकः (B) पठनम्

(C) पाठः (D) पठन्

82. 'वैदिकः' पद का प्रकृति-प्रत्यय है

(A) वेद + घञ्  (B) वेद + छ
(C) वेद + ठक्  (D) विद् + अण्

83. 'इत्यासीत्' में कौन-सी सन्धि है ?

(A) स्वर  (B) व्यञ्जन
(C) विसर्ग  (D) जशूत्व

84. 'तथैव' का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(A) त + थैव  (B) तथा + एव
(C) तथ + एव  (D) तथा + ऐव

85. 'उन्नतिः' पद में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) उप  (B) उन्
(C) उत्  (D) नि

86. 'प्रति' के योग में कौन-सी विभक्ति होती है ?

(A) द्वितीया  (B) सप्तमी
(C) षष्ठी  (D) प्रथमा

87. 'नञ् समास' का उदाहरण निम्नलिखित में से कौन नहीं है ?

(A) अनर्थः  (B) अन्यायः
(C) असत्यः  (D) अधिहरि

88. 'अष्टाध्यायी' में कौन-सा समास प्रयुक्त है ?

(A) द्विगु  (B) कर्मधारय
(C) तत्पुरुष  (D) बहुव्रीहि

89. '............... कुटिला नदी वर्तते ।' वाक्य में रिक्त स्थान में कौन-सा पद होगा ?

(A) क्रोशे  (B) क्रोशं
(C) क्रोशेन  (D) क्रोशाय

90. संस्कृत व्याकरण के अनुसार कारकों की संख्या कितनी है ?

(A) 8  (B) 6
(C) 5  (D) 7

91. युद्ध के दौरान वीर कुंवर सिंह के किस हाथ में गोली लगी थी ?

(A) दायाँ  (B) बायाँ
(C) (A) और (B) दोनों  (D) इनमें से कोई नहीं

92. वीर कुँवर सिंह के पिता कौन थे ?

(A) फतेहनारायण सिंह (B) शिवनारायण सिंह

(C) साहेबजादा सिंह (D) संग्राम सिंह

93. 'देव' नामक गाँव बिहार के किस जिला में है ?

(A) मुजफ्फरपुर (B) औरंगाबाद

(C) भागलपुर (D) बक्सर

94. श्रेष्ठ काल कौन है ?

(A) वर्तमान (B) भविष्य

(C) भूत (D) इनमें से कोई नहीं

95. 'जरा' का अर्थ क्या है ?

(A) बचपन (B) बुढ़ापा

(C) जवानी (D) किशोरावस्था

96. धनञ्जय ने दुकान से क्या खरीदा था ?

(A) वस्त्र (B) रेल नीर

(C) बिस्कुट (D) पुस्तक

97. 'अरे दुष्ट ! कस्त्वम् ?' किसने कहा ?

(A) धनञ्जय (B) विजय

(C) विवेक (D) आरक्षी

98. आरक्षिनिरीक्षक ने राष्ट्रद्रोहियों को कहाँ भेज दिया ?

(A) विदेश (B) जेल

(C) घर (D) कालापानी

99. वैशाली का मुख्यालय कहाँ है ?

(A) भागलपुर (B) मुजफ्फरपुर

(C) हाजीपुर (D) समस्तीपुर

100. प्रथम गणतंत्र का सूर्योदय कहाँ हुआ था ?

(A) पश्चिम चम्पारण (B) पाटलिपुत्र

(C) वैशाली (D) बेतिया

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

### अपठित गद्यांश (13 अंक)

1. अधोलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें :

(अ) प्रतियोगिताप्रधानम् इदं युगम् । जीवने विकासाय प्रतियोगितानां महती उपादेयता यतो हि मानवः प्रतिस्पर्धया एव उन्नति-पथम् आरोहति । प्रायशः ये गुणाः बालकेषु सुसरूपेण विद्यन्ते, तेषां विकासाय प्रतियोगिता अनिवार्या एव । यदा बालाः छात्रजीवने अनेकासु प्रतियोगितासु भागं गृह्णन्ति यथा भाषण-निबन्धलेखन-चित्ररचना-वाद-विवाद-क्रीडादीनां प्रतियोगिताः, तदा एताभिः तेषां क्षमतानाम् विकासः भवति । अतः जीवने सर्वाङ्गीणविकासाय प्रतियोगितासु भागः ग्रहीतव्यः ।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 = 2

(क) मानवः कया उन्नतिपथम् आरोहति ?

(ख) प्रतियोगिताभिः कासां विकासः भवति ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) सर्वाङ्गीणविकासाय कासु भागः ग्रहीतव्यः ?

(ख) बालकानां क्षमतानाम् विकासः कदा भवति ?

III. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं ददातु । 1

**अथवा**

अयोध्यायाः नृपः रामः एकः आदर्शः नृपः आसीत् । पितुराज्ञया सः वनं गतवान् । दुष्टः राजा रावणः सीतां जहार । रावणं हत्वा रामः सीतां प्राप्तवान् । अस्याः कथायाः वर्णनं रामायणे प्राप्यते । ग्रन्थोऽयं आदिकाव्यम् इति नाम्ना विख्यातोऽस्ति । अस्माभिः अवश्यमेव इदं काव्यं पठनीयम् । वैदेशिकाः अपि इमं पठितुम् इच्छन्ति ।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 = 2

(क) अयोध्यायाः नृपः कः आसीत् ?

(ख) सः पितुराज्ञया कुत्र गतवान् ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) अस्माभिः किं पठनीयम् ?

(ख) रामायणं किं नाम्ना विख्यातोऽस्ति ?

III. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत । 1

(ब) हिन्दी भारतस्य राष्ट्रभाषा वर्तते । इयमेव आंग्लभाषायाः स्थानमधिगृह्य देशस्य गौरवं रक्षिष्यति । हिन्दी सरला, सरसा व्यवहारयोग्या च भाषास्ति । अतएव सर्वसाधारणो-जनः शीघ्रमेव एतां पठिष्यति । भारतीयेषु अधिकतमाः जनाः इमामेव भाषां वदन्ति लिखन्ति च ।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 = 2

(क) हिन्दी कस्य राष्ट्रभाषा वर्तते ?

(ख) सर्वसाधारणो-जनः कां शीघ्रमेव पठिष्यति ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) हिन्दी कीदृशी भाषा अस्ति ?

(ख) हिन्दी कथं देशस्य गौरवं रक्षिष्यति ?

**अथवा**

उद्यमी एव सर्वं प्राप्नोति । निरुद्यमी तु सदैव मानसिकं पीडाम् अनुभवति । सफलता उद्यमीपुरुषस्य एव चरणौ स्पृशति । उद्यमेन धनं धनेन च कलियुगे सुखं मिलति । भर्तृहरिणा कविना अपि कथितम्-'सर्वे गुणाः काञ्चनम् आश्रयन्ति ।' सर्वैः उद्यमेन धनं प्राप्तव्यं न तु चौर्येण कपटेन उत्कोच-ग्रहणेन वा ।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 = 2

(क) कः सर्वं प्राप्नोति ?

(ख) सर्वैः केन धनं प्राप्तव्यम् ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) भर्तृहरिणा किं कथितम् ?

(ख) सफलता कस्य चरणौ स्पृशति ?

## संस्कृते पत्रलेखनम्

**( 08 अंक )**

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें : 2 × 4 = 8

(i) पाँच दिनों के रुग्णावकाश हेतु विद्यालय प्रधान को एक आवेदन पत्र संस्कृत में लिखें ।

(ii) अपने प्राचार्य को एक आवेदन-पत्र संस्कृत में लिखें जिसमें राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति की माँग की गई हो ।

(iii) अपने अनुज को परीक्षा में सफल होने पर बधाई देते हुए एक पत्र संस्कृत में लिखें ।

(iv) स्वाध्याय (अध्ययन) की प्रगति के विषय में अपने पिता को एक पत्र संस्कृत में लिखें ।

## संस्कृते अनुच्छेद-लेखनम्

**( 13 अंक )**

3. अधोलिखित में से किसी एक विषय पर सात वाक्यों में एक अनुच्छेद संस्कृत में लिखें :

1 × 7 = 7

(क) परोपकारः

(ख) व्यायामः

(ग) मम विद्यालयः

(घ) गङ्गानदी

(ङ) डॉ० राजेन्द्र प्रसादः ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं छः वाक्यों के अनुवाद संस्कृत में करें : 6 × 1 = 6

(क) पटना बिहार की राजधानी है ।

(ख) इसके उत्तर में गंगा नदी है ।

(ग) कक्षा में रवि छात्रों में श्रेष्ठ है ।

(घ) मैं नवम वर्ग का छात्र हूँ ।

(ङ) विद्यालय के दोनों ओर वृक्ष हैं ।

(च) मेरे घर के आगे उद्यान है ।

(छ) तुम गोलघर देखोगे ।

(ज) वे दोनों कल दिल्ली गये ।

(झ) संस्कृत देवभाषा है ।

(ञ) परिश्रम के बिना सफलता नहीं मिलती है ।

(ट) सोहन बाघ से डरता है ।

(ठ) रमेश पढ़कर खेलेगा ।

## लघु–उत्तरीय प्रश्न

## ( 16 अंक )

5. अधोलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दें : $8 \times 2 = 16$

(क) 'ईशस्तुतिः' पाठ के बृहदारण्यक उपनिषद् से संकलित मंत्र में क्या याचना की गई है ?

(ख) अधिक लोभ करने के कारण चौथे ब्राह्मण–पुत्र को क्या हुआ ?

(ग) यक्ष के प्रश्नों का बिना उत्तर दिये किन–किन पाण्डवों ने जल पिया और उन्हें क्या हुआ ?

(घ) वेद का परिचय दें ।

(ङ) संस्कृतभाषा की महत्ता पर संक्षेप में प्रकाश डालें ।

(च) साधु और असाधु में अन्तर स्पष्ट करें ।

(छ) यजुर्वेद का उपयोग किस संदर्भ में किया जाता है ?

(ज) भैरवानन्द कौन थे ?

(झ) प्राचीनकाल में ग्रामीण जीवन कैसा था ?

(ञ) वीर कुंवर सिंह द्वारा किये गये जनकल्याण कार्यक्रमों का परिचय दें ।

(ट) किशोरावस्था किसे कहते हैं ?

(ठ) वृक्ष परोपकारी होते हैं, कैसे ?

(ड) फितरा कब और किसे दिया जाता है ?

(ढ) वैशाली के प्रमुख संघ कौन–कौन हैं ?

(ण) विवेक के डाँटने पर विजय ने क्या कहा ?

(त) बिहार की मूर्तिकला का परिचय दें ।